198

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

फा. स : भाखेप्रा/नराकास/3085/2024-25/634

दिनांक : 02.01.2025

सेवा में,

कार्यालय प्रमुख
सभी संबंधित सदस्य कार्यालय
नराकास दक्षिण दिल्ली – 2

**विषय : दिनांक 11.12.2024 को अपराहन 3:00 बजे आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चतुर्थ छमाही बैठक के कार्यवृत्त ।**

महोदय/महोदया

सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण नराकास, दक्षिण दिल्ली – 2 श्री विष्णु कान्त तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 11.12.2024 को अपराहन 3:00 बजे आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त की प्रति (संलग्न) आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि कार्यवृत्त में दर्शाई गई मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कर इसकी अनुपालन रिपोर्ट इस कार्यालय को भेजने की कृपा करें।

इसे सचिव, भाखेप्रा के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संलग्न : यथोपरि

आशा 2/1/25

**(आशा)**
**सदस्य सचिव (नराकास)**

प्रतिलिपि :

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के उपनिदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. श्री संतोष गुप्ता, अनुसंधान अधिकारी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
4. उप-निदेशक (कार्यान्वयन) भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली
5. मास्टर फाइल

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति दक्षिणी दिल्ली-2 की दिनांक 11.12.2024 को आयोजित चतुर्थ छमाही बैठक के कार्यवृत्त।**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति दक्षिणी दिल्ली-2 की चतुर्थ छमाही बैठक श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, सचिव (खेल), युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,भारत सरकार एवं महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण की अनुपस्थिति में श्री विष्णु कांत तिवारी, सचिव, भाखेप्रा और उपाध्यक्ष,नराकास दक्षिणी दिल्ली-2 की अध्यक्षता में दिनांक 11.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित की गई। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से आए हुए प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र मेहरा, सहायक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्र-1 द्वारा बैठक का प्रतिनिधित्व किया गया है। बैठक में 76 कार्यालयों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

श्रीमती आशा, उप निदेशक (राजभाषा), भाखेप्रा एवं सदस्य सचिव, नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 ने मंच का संचालन करते हुए अध्यक्ष महोदय, सहायक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं सदस्य कार्यालयों से बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों/राजभाषा अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए बैठक आरंभ की ।

बैठक का शुभारंभ श्री विष्णु कांत तिवारी, सचिव, भाखेप्रा एवं श्री **नरेंद्र मेहरा, सहायक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यान्वयन)**, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं अन्य सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों सहित द्वीप प्रज्जवलन से किया गया ।

उप निदेशक, राजभाषा एवं सदस्य सचिव ने दिनांक 19.07.2024 को आयोजित की गई पिछली न.रा.का.स. की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट से सभी सदस्य कार्यालयों को अवगत कराया गया चूंकि किसी भी सदस्य कार्यालय से कोई आपत्ति नहीं प्राप्त हुई थी इसलिए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया। इसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण में राजभाषा गतिविधियों से संबंधित तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरों से संबंधित कार्यों पर एक लघु विडियों सभी के समक्ष प्रस्तुत की गई।

तत्पश्चात सदस्य सचिव द्वारा श्री नरेन्द्र मेहरा, सहायक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय, भारत सरकार को आमंत्रित करते हुए यह अनुरोध किया गया कि वे राजभाषा नियमों के अनुपालन के अंतर्गत दिनांक 01.04.2024 से 30.09.2024 तक दक्षिणी दिल्ली-2 से प्राप्त सभी कार्यालयों की छमाही रिपोर्ट पर समीक्षात्मक टिप्पणी प्रस्तुत करें साथ ही वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए हम सभी को अपना मार्गदर्शन प्रदान करें।

196

श्री नरेन्द्र मेहरा, सहायक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने संबोधन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत 80 कार्यालय हैं, जिसमें से 72 कार्यालयों से छमाही रिपोर्ट प्राप्त हुई और 08 कार्यालयों से रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष भाखेप्रा से अनुरोध किया कि जिन कार्यालयों से रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई, उन कार्यालयों के प्रमुखों को समय पर रिपोर्ट भेजने हेतु अपने हस्ताक्षर से पत्र जारी करें। साथ ही वे स्वयं भी अपने कार्यालय के माध्यम से सभी को रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र लिखेंगे ताकि अगली छमाही बैठक में सभी कार्यालयों की रिपोर्ट सही समय पर प्राप्त हो सके।

उन्होंने कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि वे निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की कृपा करें :

(1) कार्यालय द्वारा हिंदी मूल पत्राचार एवं क एवं ख क्षेत्र से प्राप्त अंग्रेजी पत्रों का उत्तर हिन्दी में तथा हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में देना सुनिश्चत किया जाए।

(2) धारा 3(3) का अनुपालन कड़ाई से किया जाए ।

(3) नराकास बैठकों में कार्यालय प्रमुखों/राजभाषा अधिकारियों द्वारा उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

(4) नराकास की गतिविधियों में सभी सदस्य कार्यालय प्रमुख बढ़-चढ़कर भाग लें।

(5) कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठके नियमित रूप से आयोजित की जाए

(6) कार्यालय में प्रत्येक तिमाही पर हिन्दी कार्यशालाओं का नियमित रूप से आयोजन किया जाए तथा नराकास सदस्य कार्यालयों को भी इन कार्यशालाओं में शामिल किया जाए।

(7) ई-ऑफिस अथवा फ़ाइलों पर ज्यादा से ज्यादा टिप्पणियाँ हिन्दी में लिखी जाए।

(8) नराकास के तहत विशेष कार्यों, राजभाषा संगोष्ठियों एवं प्रतियोगिताओं, कवि सम्मेलन इत्यादि का मिलकर सफल आयोजन किया जाए।

उन्होंने समीक्षा करते हुए बताया कि 80 कार्यालयों में से 14 कार्यालयों ने 'क', 'ख' 'ग' क्षेत्र में शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है तथा धारा 3(3) के सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में जारी किए हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**100 प्रतिशत कार्य करने वाले कार्यालय:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर-8, आर.के. पुरम | 2. | पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-5 द्वारका |
| 3. | पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सी.सु.बल कैंप, छावला | 4. | केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ, झड़ौदा कलां |
| 5. | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली परिमंडल, आर के पुरम | 6. | भारत सरकार मुद्रणालय, मायापुरी |
| 7. | ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, आर के पुरम | 8. | परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, आर के पुरम |
| 9. | राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड़ | 10. | रेल भूमि विकास प्राधिकरण, अजमेरी गेट |
| 11. | रेल सूचना प्रणाली केंद्र, चाणक्यपुरी | 12. | केंद्रीय वक्फ परिषद, साकेत |
| 13. | राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान, सेक्टर ए-7, नरेला | 14. | केन्द्रीय विद्यालय, विशेष सुरक्षा दल परिसर, द्वारका सेक्टर - 8, नई दिल्ली - 110077 |

उन्होंने प्राप्त छमाही रिपोर्ट की तुलनात्मक समीक्षा में समेकित आंकड़ों के विवरण के अनुसार हिंदी मूल पत्राचार की स्थिति पर चर्चा करते हुए आगे बताया कि उपरोक्त कार्यालयों ने शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है और जो कार्यालय शत-प्रतिशत के लक्ष्य से थोड़ा पीछे हैं उन्हें थोड़ा सा और प्रयास करना चाहिए ताकि वे निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

उन्होंने यह भी बताया कि जिन कार्यालयों ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को अभी तक प्राप्त नहीं किया है, उन कार्यालयों से अनुरोध है कि वे शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने हेतु प्रयास करें चूंकि दिल्ली में स्थित केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालय 'क' क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने छमाही रिपोर्ट की समीक्षा के उपरांत निम्नलिखित पर भी विस्तृत चर्चा की :

- जिन-जिन कार्यालयों से छमाही रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई उन कार्यालय प्रमुखों के नाम पर पत्र भिजवाए जाएं ताकि भविष्य में सभी कार्यालय अपनी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें।
- राजभाषा कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए हिंदी पदों को भरना अति आवश्यक है, इसके लिए राजभाषा संवर्ग के रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यालय प्रमुख आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

- नराकास के नोडल कार्यालय अपने अधीनस्थ कार्यालयों को रिपोर्ट भरने, राजभाषा कार्य में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने में सहायता करें और सभी सदस्य कार्यालयों से रिपोर्ट मँगवाकर इसकी समीक्षा करें।
- अगली छमाही बैठक में 100 प्रतिशत कार्य करने वाले कार्यालयों की संख्या बढ़नी चाहिए ताकि नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 को उत्कृष्ट कार्यालयों की श्रेणी में रखा जा सके।
- नराकास दक्षिण दिल्ली-2 के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी सदस्य कार्यालयों का सहयोग अनिवार्य है।
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों के लिए जल्द ही शील्ड देने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

सम्बोधन समाप्त होने के पश्चात राजभाषा नियमों से संबंधित एक क्विज प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इसमें राजभाषा नियमों से संबंधित प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले विजेताओं को अध्यक्ष महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग** ने उनके विभाग में चल रहे परीक्षण अभियान की कुछ झलकियाँ एक शॉर्ट वीडियों के माध्यम से दिखाई ताकि सभी सदस्य कार्यालय इसका लाभ उठा सकें।

सदस्य सचिव, नराकास दक्षिणी दिल्ली-2 द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कार्यालयों को भी आगामी बैठकों के दौरान अपने कार्यालय में होने वाली राजभाषा से संबंधित गतिविधियों को एक शॉर्ट वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

इसके उपरांत सदस्य सचिव ने अध्यक्ष नराकास को अध्यक्षीय भाषण के लिए आमंत्रित किया। अध्यक्ष महोदय ने छमाही रिपोर्ट की समीक्षा के अनुसार जिन कार्यालयों ने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है उन कार्यालयों के अध्यक्षों और इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारीगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और जिन कार्यालयों के पत्राचार में लगातार वृद्धि हुई है उनकी भी प्रशंसा की। इसके अलावा, लक्ष्य से पीछे चल रहें कार्यालयों को भी आगे आने हेतु प्रोत्साहित किया।

अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्यालयों से आए प्रमुखों एवं अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे आगे आएं और राजभाषा संबंधी विभिन्न संभावित गतिविधियों जैसे हिन्दी प्रतियोगिताएं, हिन्दी संगोष्ठियाँ, हास्य कवि सम्मेलन, हिन्दी कार्यशालाओं, हिन्दी पखवाड़ा, हिन्दी प्रशिक्षण इत्यादि का सभी मिलकर सामूहिक आयोजन करें जिसका सभी नराकास सदस्य कार्यालय लाभ उठा सके।

अध्यक्ष महोदय ने समिति सदस्यों से आवाहन किया कि सभी सदस्य कार्यालयों के सहयोग से नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण अपने ऑडिटोरीयम में एक राजभाषा संगोष्ठी/कवि सम्मेलन आयोजित करना चाहते है जिसमें सभी सदस्य कार्यालयों के अधिकारी/कार्मिक

भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। हम नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 के माध्यम से सभी कार्यालयों के साथ मिलकर एक बड़ा एवं भव्य कवि सम्मेलन आयोजित करने की इच्छा रखता है जिसमें सभी सदस्य कार्यालयों के अधिकारी/कार्मिको को भी आमंत्रित किया जाएगा। हमे अपने नराकास प्लेटफार्म के माध्यम से विभिन्न आयोजनों को आयोजित कर नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 को एक नई पहचान दिलानी है। इसके लिए अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्य कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि वे नराकास दिल्ली - 2 को बड़े स्तर पर लाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

बैठक में, श्री नरेंद्र मेहरा जी द्वारा दिए गए सुझाव और सलाह के लिए भी अध्यक्ष महोदय ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में हमें भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना है तथा उसमें उत्तरोत्तर प्रगति भी करनी है। इसके लिए हम सभी को मिलकर सांझा प्रयास करने होंगे।

उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों से भी अनुरोध किया कि राजभाषा कार्यान्वयन के प्रगामी प्रयोग में आपके द्वारा दिए गए सुझावों का हम स्वागत करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राजभाषा के क्षेत्र में यह मंच हम सभी के लिए लाभप्रद होगा क्योंकि भाषा की प्रगति में ही राष्ट्र की प्रगति निहित है।

अंत में श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रशासक, मे.ध्या.स्टे. द्वारा बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन करते हुए जलपान हेतु आमंत्रित किया गया।

बैठक में उपस्थित कार्यालयों की सूची **अनुबंध - 1** पर तथा अनुपस्थित कार्यालयों की सूची **अनुबंध - 2** पर संलग्न है।

192

**अनुबंध -1**

**दिनांक 11.12.2024 को अपराहन 3:00 बजे मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 की चतुर्थ छमाही बैठक में उपस्थित कार्यालयों के अधिकारियों की सूची**

| क्र. स. | कार्यालय का पता | अधिकारी/कर्मचारी का नाम |
|---|---|---|
| 1 | केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली परिमण्डल - x ईस्ट ब्लॉक - I लेवल - 7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री इजहार हुसैन, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 2 | केन्द्रीय सतर्कता आयोग, ब्लाक-ए जी.पी.ओ. कॉम्पलेक्स, आई.एन.ए., विकास सदन के पास, नई दिल्ली - 110023 | 1) श्री अजय कुमार कन्नौजिया, अपर सचिव<br>2) श्री सत्येन्द्र कुमार मिश्रा, सहायक अनुभाग अधिकारी |
| 3 | सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, प्लॉट - 15ए, सेक्टर - 7, द्वारका, नई दिल्ली-110075 | 1) डॉ. राहुल कुमार, उपनिदेशक<br>2) श्री मनीष कुमार, हिंदी अधिकारी |
| 4 | केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पंजाबी बाग, दिल्ली | 1) डॉ. सीमा जैन, हिंदी अधिकारी<br>2) सोनाली शर्मा, अनुवादक (हिंदी सहायक) |
| 5 | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, डी-11, अबुल फजल एन्कलेव, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-110025 | 1) डॉ. जियाउल हक सिदद्की<br>2) डॉ. जकी अहमद सिदद्की<br>3) डॉ. अनवर जमाल |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | पेटेंट कार्यालय, बौद्धिक सम्पदा भवन, प्लॉट सं. 32, सेक्टर 14, द्वारका, नई दिल्ली-110078. | 1) श्री एन. आर. मीना, वरिष्ठ संयुक्त नियंत्रक एकस्व एवं अभिकल्प<br>2) श्रीमती रेखा रानी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 7 | पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय (द्वितीय पाली) क्रमांक - 3 रिंग रोड, नारायणा, दिल्ली छावनी - 110010 | 1) श्री बसंत कुमार , राजभाषा प्रभारी<br>2) श्री ललित आशीष, कनिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 8 | सीमा शुल्क लेखा-परीक्षा,नवीन सीमा शुल्क भवन,निकट आईजीआई, नई दिल्ली-110037 | 1) श्रीमती संतोष अरोड़ा, सहायक आयुक्त |
| 9 | भारतीय वैश्विक परिषद, सप्रू हाउस बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001 | 1) श्री आनंद प्रकाश, निदेशक (प्रशा)<br>2) श्रीमती रेनू पवार, प्रशासनिक सहायक |
| 10 | ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़, नई दिल्ली-110043 | 1) श्री आशीष गुप्ता , कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 11 | केन्द्रीय वक्फ परिषद, पी-13 व 14 पुष्प विहार, सेक्टर-6, साकेत,फैमिली कोर्ट के सामने, नई दिल्ली - 110017 | 1) श्री एम.के. वारसी<br>2) श्री एस.एम. उबेद<br>3) श्री मो. बाकर |
| 12 | राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, मौसम विज्ञान विभाग परिसर, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003. | 1) डॉ. ओम प्रकाश मिश्र, निदेशक<br>2) डॉ. अजीत प्रकाश पांडे, वैज्ञानिक एफ<br>3) अजय प्रताप सिंह, वैज्ञानिक-ई |
| 13 | केन्द्रीय आयुध भण्डार, दिल्ली छावनी-110010 | 1) श्रीमती अंकिता , कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

190

| | | |
|---|---|---|
| 14 | मुख्य अभियंता, सीमा हदबन्दी अंचल,केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, पूर्वी ब्लाक - 1, तल 4 आर.के. पुरम, नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री सत्यपाल सिंह, कार्यपालक अभियंता<br>2) श्री अंकुर शर्मा, क.अनु.अधि. |
| 15 | रक्षा संपदा अधिकारी, दिल्ली मंडल, दिल्ली छावनी-110010 | 1) श्री मयंक द्विवेदी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 16 | प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर 5, द्वारका नई दिल्ली-75 | 1) कर्मबीर सिंह, कार्यालय प्रमुख<br>2) श्री ओंकार नाथ तिवारी |
| 17 | ऊर्जा दक्षता ब्यूरो चतुर्थ तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम; नई दिल्ली-110066 | 1) अशोक कुमार, उपमहानिदेशक<br>2) डॉ. सुनीता यादव, परामर्शदाता |
| 18 | सेनानी आधार चिकित्सालय,भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, तिगड़ी कैम्प, नई दिल्ली-110080. | 1) श्री मांगी लाल, आशुलिपिक |
| 19 | पी एम श्री, केंद्रीय विद्यालय,सेक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली-78 | 1) श्री कालुराम मीना, पीजीटी (हिंदी)<br>2) श्री हरमीत सिंह, कनिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 20 | रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र(क्रिस) सफदरजंग रेलवे स्टेशन परिसर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110021 | 1) श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक एवं रा.अधि.<br>2) श्री के. सी. वत्स |
| 21 | परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय,पश्चिमी खण्ड;7, आर.के.पुरम, नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री नलिन कुमार जोहरी, प्रभारी<br>2) श्रीमती एन.ए. हैरून निशा, सहा. कार्मिक अधिकारी |
| 22 | राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, प्रथम एवं द्वितीय तल, कोर 4 बी, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 | 1) डॉ. संदीप ठाकु, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी<br>2) श्री टी. पी. तिवारी, आशुलिपिक |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | रक्षा चित्र संसाधन एवं विश्लेषण केन्द्र,केन्द्रीय परिवहन डिपो परिसर, दिल्ली छावनी, नई दिल्ली-11000 | 1) कैप्टन अतुल कुमार सिंह, स्थापना अधिकारी<br>2) श्री संजय सिंह शेखावत |
| 24 | शिक्षा निदेशालय, वायु सेना मुख्यालय, पश्चिम खण्ड-6, आर.के.पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली-110066 | 1) श्री जगदीश सिंह मर्तोलिया, उपनिदेशक |
| 25 | जवाहर नवोदय विद्यालय जाफ़रपुर कलाँ, नई दिल्ली- 110073 | 1) श्री राजेंद्र प्रसाद, पीजीटी (हिंदी) |
| 26 | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अनुसंधान एवं विकास) पश्चिमी खंड-5, रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली - 110066) | 1) रविनेश कुमार, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक<br>2) श्रीमती भारती छाबड़ा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 27 | सशस्त्र सीमा बल, बल मुख्यालय, पूर्वी खंड - 5, आर. के. पुरम, नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री सोमित जोशी, महानिरीक्षक<br>2) श्री विजेंद्र कुमार , उप-कमांडेंट |
| 28 | सीमाशुल्क आयुक्त ( हवाईअड्डा एवं सामान्य) का कार्यालय,नवीन सीमा शुल्क भवन, नई दिल्ली-110037 | 1) श्री विशाल पाल सिंह, आयुक्त सीमा शुल्क<br>2) श्री अवनीन्द्र कुमार , वरि.अनु.अधि. |
| 29 | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग आर.के.पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री मोहन लाल मीणा, उपनिदेशक |
| 30 | भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण, तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली 110003 | 1) डॉ. कमलेश कुमार, उप प्रमुख<br>2) श्रीमती मंजुला मेहता, परामर्शदाता |
| 31 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, ईपीएफओ काम्पलैक्स, द्वितीय तल, सैक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली-110077. | 1) श्री अनुभव चौधरी , उपनिदेशक<br>2) सुश्री रेणु खरे , वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| 32 | मुख्य अभियंता दिल्ली अंचल,सेना अभियंता सेवा,दिल्ली छावनी - 110010. | 1) श्री प्रमोद कुमार वर्मा, अतिरिक्त सहायक निदेशक (विधिक)<br>2) श्री धर्मेन्द्र सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी (हिंदी) |
| 33 | जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग , केंद्रीय जल आयोग, नवीन पुस्तकालय भवन, आर के पुरम, नई दिल्ली -110066 | 1) श्री राकेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष जल आयोग<br>2) श्री भूपिंदर सिंह, मुख्य अभियंता<br>3) श्री विनय कुमार मिश्र, वरि.अनु.अधि.<br>4) श्री अतुल कुमार खरे, वरि. अनु. अधि. |
| 34 | एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (सेना),<br>भारत सरकार स्टाफ शाखा,<br>सैनिक प्रशिक्षण महानिदेशालय /एम.टी. -17,<br>वेस्ट ब्लॉक-03, विंग-6, प्रथम तल,<br>आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066 | 1) ब्रिगेडियर तपोजीत विश्वास, ब्रिगेडियर<br>2) श्री धीर सिंह, उपनिदेशक |
| 35 | भारतीय सड़क कांग्रेस मुख्यालय, कामा कोटि मार्ग, से.6. आरके पुरम नई दिल्ली-110022 | 1) श्रीमती रजनी, राजभाषा प्रभारी |
| 36 | केंद्रीय विद्यालय सी.आर.पी.एफ, झाड़ौदा कलां, नई दिल्ली-110072. | 1) श्री लल्लन मिश्र, पीजीटी हिंदी |
| 37 | कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक,द्रुत कार्य बल, के.रि.पु.बल, ईस्ट ब्लॉक-2, लेवल -6,सेक्टर-1,आर.के.पुरम,नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री राकेश सेठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशासन<br>2) श्री राजेन्द्र कुमार, सहायक कमाण्डेंट |
| 38 | केन्द्रीय विद्यालय, विशेष सुरक्षा दल परिसर, द्वारका से.-8, नई दिल्ली-110077 | 1) श्री बनवारी लाल सैनी<br>2) सुश्री प्रीति कुमारी |
| 39 | प्रेस महापंजीयक भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय, नौवा तल, सूचना भवन, सीजीओ परिसर, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 | 1) श्रीमती प्रभा सुयाल, सहायक निदेशक |

| | | |
|---|---|---|
| 40 | स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय, जे-54, ब्लॉक जे, लाजपत नगर III, लाजपत नगर, नई दिल्ली, दिल्ली 110024 | 1) श्री दिनेश सिंह बिष्ट, कार्यालय प्रभारी<br>2) श्री नितेश बंसल, वरिष्ठ लिपिक |
| 41 | वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली-110029 | 1) डॉ. संदीप बंसल, चिकित्सा अधीक्षक<br>2) श्री सुभाष चन्द्र, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 42 | भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, भारत सरकार, पंजाबी बाग (पश्चिम), टी-19, पहली और दूसरी मंजिल, ब्लॉक - iv धनवंतरि भवन, रोड संख्या -66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली - 110026 | 1) डॉ. मोहम्मद मजहिर आलम, सदस्य आचार एवं पंजीयन बोर्ड<br>2) श्री खुर्शीद आलम, हिंदी अनुवादक |
| 43 | कार्यालय आयुक्त,सीमा शुल्क (निवारक) नवीन सीमा शुल्क भवन,निकट इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा,नई दिल्ली छावनी- 37 | 1) श्री रवीन्द्र कुमार तिवारी, अपर आयुक्त<br>2) सुश्री शिखा सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 44 | कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक,द्रुत कार्य बल, के.रि.पु.बल,ईस्ट ब्लॉक-2, लेवल -7,सेक्टर-1,आर.के.पुरम, नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री लाल चंद यादव, उप महानिरीक्षक<br>2) श्री सत्येन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट |
| 45 | केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, सेवा भवन, से.-1, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066 | 1) सुश्री ऊषा वर्मा, उपनिदेशक (रा.भा.)<br>2) श्रीमती शेफाली दुष्यन्त, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी<br>3) सुश्री दिव्या मांदीवाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 46 | विकास आयुक्त(हस्तशिल्प) कार्यालय पश्चिमी खण्ड- 7, आर.के.पुरम,नई दिल्ली - 110066 | 1) श्री शेखर श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक<br>2) श्री सुनील कुमार, सहायक निदेशक<br>3) श्रीमती रोज बहालेन केरकेट्टा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| 47 | उप महानिरीक्षक (मु.) बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी खण्ड-7, तल-4, सेक्टर - 1, आर. के पुरम, नई दिल्ली-66 | 1) श्री पवन कुमार, मुख्य आरक्षक<br>2) श्री आर सी उप्रेती, सहायक कमाण्डेंट |
| 48 | मुख्य अभियंता (वायुसेना) पश्चिमी वायु कमान, सैन्य अभियंता सेवाएं, पालन, दिल्ली छावनी-110010. | 1) श्री कुलदीप सिंह, उपनिदेशक<br>2) श्री गौतम अग्रवाल, असिस्टेंट डायरेक्टर |
| 49 | प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय, तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली-110011 | 1) श्रीमती निधि श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी<br>2) श्री सुरेश कुमार शुक्ल, वरिष्ठ परामर्शदाता |
| 50 | रक्षा मंत्रालय सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा महानिदेशालय कमरा नं. 36, राजभाषा अनुभाग 5वां तल, रक्षा कार्यालय परिसर, ए ब्लॉक,अफ्रीका एवेन्यू, नई दिल्ली -110023 | 1) श्री जिनिल कुमार सी के, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी<br>2) श्री शिव कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 51 | एकीकृत रक्षा मंत्रालय (नौ सेना) नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, दूसरा तल,वेस्ट ब्लॉक-5, आर के पुरम नई दिल्ली-110066 | 1) कैप्टन गुरबीर सिंह, कैप्टन (एनई-II)<br>2) श्रीमती पूजा कपूर, सहा.नि. (रा.भा.) |
| 52 | उत्तर क्षेत्रीय विद्युत समिति, 18-ए, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली - 110016 | 1) श्री विजय कुमार सिंह, सदस्य सचिव<br>2) श्री ऋतुराज पाण्डेय, सहायक सचिव<br>3) श्री कुलदीप वर्मा, आशुलिपक ग्रेड-II |
| 53 | भारतीय भूमिपत्तन प्राधिकरण, प्रथम तल, लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110011 | 1) श्री विकास कृष्ण, अवर सचिव<br>2) सुश्री मृदुला जैन, सलाहकार राजभाषा |
| 54 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), मैदान गढ़ी नई दिल्ली 110068 | 1) श्री आनंद कुमार सोनी, उप कुल सचिव |
| 55 | उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली | 1) श्री वीरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय निदेशक<br>2) श्री इंदर कुमार मीना, सहायक निदेशक |

| | | |
|---|---|---|
| 56 | ट्राईफेड प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली | 1) श्री नगेंद्र नाथ झा, वरिष्ठ प्रबंधक<br>2) श्रीमती जया भारती, कनिष्ठ सहायक |
| 57 | अधीक्षण अभियन्ता दिल्ली परिमंडल-X,<br>केंद्रीय लोक निर्माण विभाग,<br>ईस्ट ब्लॉक-1, लेवल-7, आर के पुरम,<br>नई दिल्ली-110066 | 1) श्री राजपाल सिंह, सहायक अभियंता<br>2) श्री महेश कुमार, उच्च श्रेणी लिपिक |
| 58 | रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, सी. आर. पार्क, मुख्य सड़क, ब्लॉक एच, कालकाजी, नई दिल्ली - 110019 | 1) डॉ. मनोज दहिया, सहायक प्रोफेसर<br>2) श्री प्रशांत, सदस्य राजभाषा |
| 59 | केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली | 1) श्री हुकमचंद मीना, उपनिदेशक<br>2) श्री नंद कुमार के. बी., सहायक निदेशक |
| 60 | कैंटीन भंडार विभाग, कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली | 1) श्री रितेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक<br>2) श्री सुभाष चन्द्र, निजी सहायक |
| 61 | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली -110075 | 1) श्री रविन्द्र सिंह , डीजीएम<br>2) श्री सुबीर कुमार मंडल, महाप्रबंधक<br>3) श्री कृष्ण मुरारी, हिंदी अधिकारी |
| 62 | राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान, प्लाट नं. 25, सेक्टर ए-7, संस्थागत क्षेत्र, नरेला दिल्ली - 110040 | 1) डॉ. वेद प्रकाश, सहायक निदेशक |
| 63 | कार्यालय, पुलिस उप-महानिरीक्षक, द्रुत कार्य बल, रेंज प्रथम, आर के पुरम, नई दिल्ली | 1) श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक<br>2) श्री उमेश कुमार, स..नि./मंत्रालय |
| 64 | राष्ट्रीय महिला आयोग, भूखंड सं. 21, जसोला संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली - 110025 | 1) श्री आशुतोष पांडे, अवर सचिव |

१८६

| | | |
|---|---|---|
| 65 | व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, बौद्धिक सम्पदा भवन, प्लॉट नं. 32 सेक्टर-14, द्वारका, नई दिल्ली-110078 | 1) श्री विकास पूनिया, वरिष्ठ परीक्षक |
| 66 | रेल भूमि विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली | 1) श्री रंजन कुमार श्रीवास्तव, सचिव एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी |
| 67 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अस्पताल15, रोहिणी, दिल्ली | 1) श्री हेमेंद्र कुमार मित्तल, चिकित्सा अधीक्षक |
| 68 | पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल कैंप, छावला दिल्ली | 1) श्री लक्ष्मी कान्त शर्मा, प्राचार्य<br>2) मान सिंह मीना, पीजीटी हिंदी |
| 69 | केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर-8, आर के पुरम, नई दिल्ली | 1) श्री मनोहर लाल, पीजीटी (हिंदी) |
| 70 | महानिरीक्षक मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, आर के पुरम, नई दिल्ली | 1) ध्यान सिंह, उपनिरीक्षक (अनुसचीवीय) |
| 71 | कैंटीन भण्डार विभाग, प्रादेशकि कार्यालय (पश्चिम) दिल्ली | 1) श्याम सुंदर भौमिक, प्रादेशक प्रबंधक (पश्चिम)<br>2) श्रीमती सुनीता, अवर श्रेणी लिपिक |
| 72 | राष्ट्रीय डोप परीक्षण, प्रयोगशाल, नई दिल्ली | 1) डॉ. पी.एल. साहू, डायरेक्टर |
| 73 | स्वापक नियंत्रण ब्यूरो | 1) आशीष कुमार ओझा, अधीक्षक |
| 74 | मुख्यालय दिल्ली एरिया, पूर्वी शाखा, नई दिल्ली | 1) श्री रघु चन्देल, नायब सूबेदार |
| 75 | केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, मगोलपुरी, नई दिल्ली | 1) सुश्री निशा श्रीवास्तव, उप सचिव,<br>2) श्री मोहित कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 76 | मुद्रण निदेशालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, रिंग रोड़, मायापुरी, नई दिल्ली - 110064 | 1) श्री अश्विनी मणी त्रिपाठी, सहायक श्रम कल्याण आयुक्त<br>2) बृजेश कुमार सिन्हा, प्रवर श्रेणी लिपिक |

**अनुबंध -2**

**दिनांक 11.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित नराकास दक्षिण दिल्ली - 2 की चतुर्थ छमाही बैठक में अनुपस्थित कार्यालयों की सूची**

| क्रम संख्या | कार्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | मुख्यालय, आदेशक निर्माण अभियंता (सैन्य अभियंता सेवाएं) दिल्ली छावनी - 110010 |
| 2. | उर्वरक विभाग, उर्वरक उद्योग समन्वय समिति, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, 8 वां तल, सेना भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली - 110066 |
| 3. | राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, भीकाजी कामा प्लेस, पासपोर्ट कार्यालय भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली - 110066 |
| 4. | राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लैव, नई दिल्ली - 110029 |